लोक सभा अध्यक्ष ने देशवासियों को दीपावली की पूर्वसंध्या पर बधाई दी

इंदौर, 23 अक्तूबर, 2014: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने देशवासियों को दीपावली की पूर्वसंध्या पर हार्दिक बधाई दी है । अपने संदेश में, उन्होंने कहा है:

"दीपावली के शुभ अवसर पर मैं सभी भारतवासियों और विदेश में बसे भारतीयों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं । अनंतकाल से यह पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक रहा है । यह पर्व भाईचारे, न्याय और धर्मपरायणता के मूल्यों को भी प्रतिबिंबित करता है ।

विश्व-बंधुत्व, शांति और न्याय के परंपरागत भारतीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए इस महापर्व पर हमें भी अपने देश को और अधिक स्वच्छ, खुशहाल और स्वस्थ बनाने का प्रयास करना चाहिये । रोशनी का यह पर्व समस्त देशवासियों के जीवन में खुशहाली लाए, ऐसी मेरी कामना है ।"